web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरुवार 22 नवम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-55

## बस और स्कूल वैन में टक्कर, छह बच्चों सहित सात लोगों की मौत



**सतना (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के सतना जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर बीरसिंहपुर के पास गुरुवार सुबह स्कूली बच्चों से भरी एक बोलेरो और बस की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में बोलेरो में सवार सात लोगों की मौत हो गई। इनमें छह स्कूली बच्चे और बोलेरो चालक शामिल है। हादसे में दोनों वाहनों में सवार 10-12 लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में पांच स्कूली बच्चे हैं जबकि 5-7 बस यात्री हैं। कुछ स्कूली बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि बस में सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

सतना के पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह गौर ने बताया, गुरुवार सुबह 8 से 8.30 बजे के बीच बोलेरो एवं बस में भीषण टक्कर हो गई। इसमें बोलेरो में सवार छह स्कूली बच्चों एवं बोलेरो चालक की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मृतक स्कूली बच्चों में से चार छात्र एवं दो छात्राएं हैं। सभी 10 से 15 साल की उम्र के थे। हालांकि, प्रारंभिक रिपोर्ट में पुलिस ने बताया था कि इस हादसे में सात बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हुई है। गौर ने बताया कि हादसे के वक्त ये छात्र बोलेरो से लकी कॉन्वेंट स्कूल (प्राइवेट) जा रहे थे, जबकि बस रीवा से चित्रकूट जा रही थी। उन्होंने कहा कि टक्कर इतना जोरदार था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए, जबकि बस पलट गई और जाकर एक पेड़ से टिक गई, जिससे वह खाई में जाने से रुक गई। गौर ने बताया कि जिला कलेक्टर ने इस घटना के मैजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है, जबकि घायलों को पचास-पचास हजार रुपये दिए जाएंगे।

सतना हादसे को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। शिवराज ने ट्विटर पर लिखा, सतना सड़क हादसे की खबर से स्तब्ध हूं, मन दुखी है। हादसे में हताहत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### विमान में तकनीकी खराबी के कारण एक घंटे तक बंद रहा हवाई अड्डे का रनवे

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात में अहमदाबाद का सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे आज एक विमान में अचानक आयी तकनीकी खराबी के कारण लगभग एक घंटे तक बंद रहा। हवाई अड्डा निदेशक मनोज गंगल ने बताया कि विमान में आयी तकनीकी खराबी के चलते सुरक्षा एहतियात के तहत तुरंत रनवे को बंद कर दिया गया। यह लगभग एक घंटे तक बंद रहा। इससे यहां आ रही कुछ उड़ानों को डायवर्ट किया गया जबकि यहां से होने वाली कुछ उड़ाने विलंबित भी हुईं। उन्होंने कहा कि रनवे को लगभग एक घंटे बाद खोल दिया गया।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ की इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के आईटीओ स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) इमारत के तीसरे तल पर बृहस्पतिवार को आग लग गई। दिल्ली दमकल विभाग ने यह जानकारी दी। घटना में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल की चार गाड़ियों और एक अन्य वाहन को मौके पर भेजा गया। सुबह साढ़े नौ बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। दमकल अधिकारी ने बताया कि लेखन सामग्री से जुड़ी चीजें और फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गए।आग लगने के पीछे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### ट्रेन के सात डिब्बे पटरी से उतरे, 17 ट्रेनें डायवर्ट

**रामपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में रामपुर के शाहजादपुर क्षेत्र में दिल्ली-मुरादाबाद रेल खण्ड पर बुधवार रात एक ट्रेन के सात खाली डिब्बे पटरी से उतर गये ,जिससे ट्रेनों का संचालन बाधित हो गया। कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं। इसके अलावा कुछ ट्रेनों को रद्द भी कर दिया गया है। रेलवे सूत्रों ने यहां बताया कि बुधवार रात दिल्ली से यात्री गाड़ी के ग्यारह डिब्बे मरम्मत के लिए लखनऊ भेजे जा रहे थे। ट्रेन जब रामपुर के शाहजापुर इलाके के धमोरा चौकी के पास से गुजर रही थी तभी ट्रेन के सात डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसे में ट्रेन के गार्ड के घायल होने की सूचना है। हादसे के कारण करीब 200 मीटर पटरी क्षतिग्रस्त हो गई । उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण अप और डाउन लाइन पर ट्रेनों का आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंच गए और डिब्बों को दोबारा पटरी पर चढ़ाने का कार्य शुरू करा दिया गया है। कई ट्रेनों का रूट भी बदला गया है। घटना की जांच के आदेश दे दिए गये हैं।

### पूर्व राज्यसभा सांसद वैष्णव चरण परिदा का 77 साल की उम्र में निधन

**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** राज्यसभा के पूर्व सांसद वैष्णव चरण परिदा का गुरुवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने कहा कि परिदा को कैंसर था और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था। परिदा का जन्म 15 फरवरी 1941 को जयपुर जिले के श्रीरामपुर में हुआ था। परिदा जुलाई 2010 में बीजू जनता दल (बीजद) के उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा के सांसद निर्वाचित हुए थे। वह 1999 से 2008 तक समाजवादी पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष रहे। राजनेता, लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता परिदा ने राज्य में उड़िया भाषा के आंदोलन का नेतृत्व किया था। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष निरंजन पटनायक ने परिदा के निधन पर शोक जताया।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर ऐक्टिव मुरादाबादी गैंग



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) पर आने-जाने वाले लोग जरा संभलकर रहें, क्योंकि यहां आपके साथ चोरी, ठगी या जेबतराशी हो सकती है। इसी तरह के दो मामले मंगलवार रात टर्मिनल-3 पर हुए, जिसमें कनाडा से आए एक एनआरआई की एक चोर ने उस वक्त जेब काट ली, जब वह डीटीसी की एयरपोर्ट एक्सप्रेस एसी बस में चढ़ रहे थे। दूसरे मामले में एक ठग ने यहां खड़े एक शख्स के पैरों को छूने का नाटक करते हुए उनका पर्स निकाल लिया।

### कनाडा से आए एनआरआई की काटी जेब

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मूलरूप से जालंधर पंजाब के रहने वाले हरभजन अपने परिवार के साथ लंबे समय से कनाडा में रह रहे हैं। लेकिन बीच-बीच में वह अपने परिजनों और खानदान के लोगों से मिलने के लिए यहां आते रहते हैं। मंगलवार रात वह टर्मिनल-3 पर चीन होते हुए कनाडा से दिल्ली आए थे। फ्लाइट रात करीब 11 बजे लैंड कर गई। इसके बाद वह डेढ़ घंटे बाद रात 12:30 बजे बाहर आए। उन्हें यहां से आईएसबीटी कश्मीरी गेट जाना था। उन्होंने किसी से वहां जाने के लिए पूछा तो इन्हें बताया गया कि सामने जो डीटीसी की एयरपोर्ट एक्सप्रेस बस खड़ी है। वह वहीं जाएगी। जल्दी से इसमें सवार हो जाइए।

### और पकड़ा गया जेबकतरा

वह तेजी से चलते हुए उसमें पिछले गेट से चढ़े। तभी उन्हें लगा कि उनकी पैंट की सीधी जेब में रखे पर्स को किसी ने निकाल लिया है। उन्होंने इधर-उधर देखा तो एक लड़का बस के अंदर घुस चुका था और तेजी से बस के फ्रंट गेट की ओर बढ़ते हुए नीचे उतरने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने शोर मचा दिया। उसी वक्त सीआईएसएफ का एक एएसआई बंटी कुमार वहां ड्यूटी पर तैनात था। इस दोनों ने जेब से पर्स निकालकर भाग रहे चोर को पकड़कर आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में उसकी पहचान बरकत अली के रूप में हुई, जो मुरादाबाद का रहने वाला था।

### पहले पैर छुए, फिर निकाल लिया पर्स

दूसरी घटना रिटायर्ड सरकारी अफसर के साथ हुई, जो गुड़गांव से टर्मिनल-3 पर अपनी बहन और रिश्तेदारों को लेने आए थे। वह यहां उनके टर्मिनल से बाहर आने का इंतजार कर रहे थे कि मंगलवार रात करीब 10:30 बजे एक आदमी अचानक उनके सामने गिरा और उसने उनके पैर पकड़ लिए। एकदम से वह कुछ समझ नहीं पाए। पैरों में पड़ा आदमी उनके पैर पकड़ते हुए उपर उठकर जाने लगा।

## चेन्नई में एक बार फिर भारी बारिश की आशंका, स्कूल-कॉलेज बंद

**चेन्नई (आरएनएस)।** लौटते मानसून से चेन्नई में भारी बारिश की आशंका जताई गयी है। बारिश की आशंका को ध्यान में रखते हुए प्रदेश प्रशासन ने सभी स्कूल और कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया है। साथ ही पूरे प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग को हाई अलट पर रख दिया गया है। दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे कम दबाव वाले क्षेत्र के चलते चेन्नई और उसके पड़ोसी जिलों समेत तमिलनाडु के कई हिस्सों में भारी बारिश के आशंका व्यक्त की गयी है।

मौसम विभाग के एक बुलेटिन में बताया गया है कि बारिश वीरवर को शाम तक या फिर दोपहर में ही प्रारंभ हो जाएगी। कहा गया है कि दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और सटे हुए तटीय तमिलनाडु के ऊपर अत्यंत गहरे दबाव वाला क्षेत्र बना हुआ है।

मौसम विभाग की मानें तो इस कम दबाव के चलते अगले दो दिनों में तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश होगी। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर और विल्लुपुरम जिले में जमकर बारिश हो सकती है। इस बारिश को धान एवं अन्य फसलों के लिए अच्छा माना जा रहा है। आपको बता दें कि चेन्नई में इस मौसम के दौरान भी धान की खेती की जाती है।

## नेशनल हेराल्ड हाउस खाली होगा या नहीं, आज दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नेशनल हेराल्ड हाउस को खाली कराया जाएगा या नहीं इस पर आज दिल्ली हाई कोर्ट में अहम सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड अखबार की प्रकाशक कंपनी एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को राहत देते हुए 22 नवंबर तक यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे।

केन्द्र ने एजेएल को 15 नवंबर तक अपना परिसर खाली करने का आदेश दिया था। नेशनल हेराल्ड के प्रकाशक ने शहरी विकास मंत्रालय के 30 अक्टूबर के आदेश को चुनौती देते हुए अदालत का रुख किया है। इस आदेश में उसके 56 साल पुराने लीज़ को खत्म करते हुए आईटीओ के प्रेस एनक्लेव स्थित बिल्डिंग को खाली करने को कहा गया था।

## कश्मीर में अपवित्र गठबंधन नहीं होने दूंगा: गवर्नर

### लगाया खरीद फरोख्त का आरोप



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में गैर-बीजेपी दलों के सरकार बनाने के प्रयास के बीच राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने विधानसभा भंग कर करारा झटका दिया है। हालांकि उनके फैसले की काफी आलोचना भी हो रही है। विधानसभा भंग करने के अपने फैसले पर सत्यपाल मलिक ने सफाई देते हुए कहा उन्होंने किसी के साथ पक्षपात नहीं किया। साथ ही उन्होंने खरीद-फरोख्त का आरोप लगाते हुए कहा कि विधायकों को धमकाया जा रहा था। खुद पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने शिकायत की थी।

गवर्नर सत्यपाल ने कहा, जिस दिन से मैं गवर्नर पद पर नियुक्त हुआ हूं उसी दिन से कहता आया हूं मैं राज्य में किसी ऐसी सरकार का पक्ष नहीं लूंगा जिसमें बड़े पैमाने पर खरीद-फरोख्त हुई हो। इसके बजाय मैं चाहता हूं कि चुनाव हों और जनता द्वारा चुनी हुई सरकार बने।

## कुलगाम में सेना के कैंप पर आतंकी हमला, एक स्थानीय नागरिक घायल

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सेना के आरआर कैंप पर गुरुवार सुबह अचानक आतंकी हमला हो गया। इस अटैक में एक स्थानीय नागरिक के घायल होने की खबर है। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई के बावजूद आतंकी फरार होने में कामयाब रहे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह अचानक जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में स्कॉस्ट रिसर्च सेंटर स्थित सेना के कैंप पर आतंकियों ने हमला कर दिया। सुरक्षा बलों ने फौरन जवाबी कार्रवाई की। इस हमले में एक स्थानीय नागरिक के घायल होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि सेना की ओर से की गई कार्रवाई के बावजूद आतंकी भागने में कामयाब रहे। आतंकियों की तलाश के लिए इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

बता दें, बीते 17 नवंबर को आतंकियों ने कुलगाम में एक शख्स का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी। उन्हें शक था कि वह जिले में सेना का मुखबिर है। मृतक की पहचान पड़ोसी कुलगाम जिले के मंझगाम निवासी हुजैफ अशरफ (19) के तौर पर हुई थी।

## मुंबई में सड़कों पर हजारों अन्नदाता, ट्रैफिक अलर्ट

### ❖ सीएम फडणवीस बोले-खुद करूंगा किसानों से मुलाकात



**मुंबई (आरएनएस)।** सूखे के लिए मुआवजा और आदिवासियों को वन अधिकार सौंपे जाने की मांग को लेकर महाराष्ट्र के हजारों किसान और आदिवासी सड़कों पर उतर आए हैं। किसानों का मार्च सड़क पर चल रहा है और कई जगहों पर ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। किसानों की तादाद और उनके गुस्से को देखते हुए ट्रैफिक अलर्ट जारी किया गया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खुद किसानों से बात करने की बात कही है।

गुरुवार की सुबह पांच बजे किसानों ने चुनाभाटी से सुबह पांच बजे यात्रा शुरू की। वह यहां से विधानसभा कूच करेंगे और आजाद मैदान पहुंचेंगे। ऐसे में प्रशासन सतर्क हो गया है और भारी तादाद में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मुंबई पुलिस ने ट्रैफिक अलर्ट भी जारी किया है।

### दादर की तरफ बढ़े किसान

साउथ मुंबई से शुरू हुई किसानों की यात्रा जेजे फ्लाइ ओवर, लालबाग फ्लाइओवर और परेल फ्लाइओवर होते हुए दादर की तरफ बढ़ रही है। ट्रैफिक पुलिस ने इन इलाकों की ओर जा रहे और वहां से आ रहे ट्रैफिक के लिए अलर्ट जारी किया है।

### बुधवार को शुरू हुई थी यात्रा

किसानों ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार दोपहर से पैदल यात्रा शुरू की थी। पैदल यात्रा करते हुए, वह सायन के सोमैया मैदान पहुंचे और रात में यहीं डेरा डाल दिया। कार्यक्रम के मुताबिक, किसानों की योजना विधानभवन का घेराव करने की भी है। उन्हें विधानभवन की तरफ जाने से रोकने के लिए पुलिस ने पुख्ता प्रबंध किए हैं।

### ये हैं किसानों की मुख्य मांगें

किसान स्वामीनाथन रिपोर्ट को लागू करने की मांग कर रहे हैं। स्वामीनाथन रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है कि जमीन और पानी जैसे संसाधनों तक किसानों की निश्चित रूप से पहुंच और नियंत्रण होना चाहिए। वे न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने और इसे लागू करने के वास्ते न्यायिक तंत्र की भी मांग कर रहे हैं।

## पीएम मोदी आज सबसे बड़ी गैस परियोजना को दिखाएंगे हरी झंडी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को शहरी गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाएंगे। यह परियोजना 124 जिलों को कवर करेगी। भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड के अनुसार, देवघर शेखपुरा और जमुई शहरों में अगले वर्ष फरवरी में पाइपलाइन से गैस वितरण शुरू हो जाएगा। इससे भारत के 35 फीसदी भौगोलिक क्षेत्र में बसी लगभग 50 फीसदी आबादी को पीएनजी और सीएनजी के तौर पर ईंधन मिलेगा।

प्रधानमंत्री आज शाम चार बजे विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 14 राज्यों के 124 जिलों में फैले 50 भौगोलिक क्षेत्रों में शहरी गैस वितरण (सीजीडी) से जुड़ी बोलियों के 10वें दौर का भी शुभारंभ करेंगे।

भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड (गेल) के प्रवक्ता ने बताया कि 10वें चरण में देश के 50 जगहों में गैस वितरण व्यवस्था के लिए बोली का आज शुभारंभ होगा। इन 50 जगहों में देवघर, शेखपुरा एवं जमुई को भी शामिल किया गया है। बोली की प्रक्रिया पूरी होते ही फरवरी के प्रथम सप्ताह के आसपास इन सभी शहरों में घरेलू और वाणिज्यिक उपयोग के लिए गैस की आपूर्ति प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड और बिहार के इन खनन क्षेत्र वाले जिलों में गैस की आपूर्ति से प्राकृतिक गैस आधारित स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास में मदद मिलेगी। प्रवक्ता ने बताया कि घरेलू, वाणिज्य तथा परिवहन क्षेत्रों को शहर गैस आपूर्ति में शामिल किया जाएगा।